परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय – 2, मुंबई

आवधिक परीक्षा - 2 [2023 -24]

कक्षा - सातवीं अंक - 20

विषय - हिंदी [तृतीय भाषा] समय - एक घंटा

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [4]

दो वर्ष की आयु से ही उनका परिचय रामायण, महाभारत और पंचतंत्र की कहानियों से हो गया था। ये कहानियाँ हर रात घर की वृद्ध महिलाएँ उन्हें सुनाती थीं। कहानियाँ शिक्षाप्रद व मनोरंजक थीं। इन कहानियों से विश्वेश्वरैया ने ईमानदारी, दया और अनुशासन जैसे मूल मानवीय मूल्यों को आत्मसात किया। विश्वेश्वरैया चिकबल्लापुर के मिडिल व हाईस्कूल में पढ़े। जब उन्हें गोड सेव द किंग [ईश्वर राजा को सुरक्षित रखे] वाला गीत गाने को कहा गया तो उन्हें पता चला कि भारत एक ब्रिटिश उपनिवेश है, अपने मामले में भी भारतीयों को कुछ कहने का अधिकार न था। भारत की अधिकांश संपत्ति विदेशियों से हड़प ली थी।

[क] विश्वेश्वरैया को कहानियाँ कौन और कब सुनाती थी?

[ख] कहानियों से विश्वेश्वरैया ने क्या सीखा ?

[ग] विश्वेश्वरैया कहाँ पढ़े थे ?

[घ] भारत की अधिकांश संपत्ति किसने हड़प ली थी ?

प्रश्न 2 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए

[क] निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए [1]

बालक ----------- लेखक -------------

[ख] इन वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलिए - [1]

[1] आकाश में अंधेरा छाया हुआ था 1 --

[2] ज्ञान असीमित है 1 --

[ग] पढ़ो ,समझो और करो- [2]

नमूना - चिंता - चिंतित

जीवन ---------------- पीड़ा ------------------

सुरक्षा --------------- पराजय -------------

[घ] मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए - [2]

शहीद हो जाना ---

प्राणों की बाजी लगाना ---

[3] निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [5*2=10]

[क] झलकारी बाई ने लक्ष्मीबाई से किस चीज़ की माँग की और क्यों ?

[ख] कवि हम धरती के लाल ही क्यों कहना चाहते हैं ?

[ग] विश्वेश्वरैया के मन में कौन - कौन से सवाल उठते थे ?

[घ] मिनी की काबुलीवाले से मित्रता क्यों हो गई ?

[ङ] काबुलीवाला हमेशा पैसे क्यों लौटा देता था ?

[च] तुम्हारे विचार से क्या रोज़ त्योहार मनाना उचित है क्यों ?

[छ] झलकारीबाई का क्या हुआ ?

****